दिन– शुक्रवार दिनांक– 23 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार आतंकवाद और अशांति फैलाने वाले माओवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। कहा – दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ पचास करोड़ रूपए की विभिन्न कार्ययोजना का शुभारंभ किया।

04. और, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – सरकारी स्कूलों में शिक्षक पदस्थापन की प्रक्रिया पंद्रह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चाहे आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी तत्व, उनकी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है। आज नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स सम्मिट का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर विविधतापूर्ण भारत का सबसे विविध क्षेत्र है और यह विविधता देश की ताकत है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि ईस्ट का मतलब है – सशक्त बनाना, कार्य करना, मजबूत बनाना और बदलना। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पूर्वोत्तर को केवल सीमांत क्षेत्र कहा जाता था। श्री मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर पर्यटन से जुडे सभी क्षेत्रों का संपूर्ण पैकेज है और यहां वैश्विक सम्मेलन, अन्य आयोजन और वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपार संभावनाएं हैं।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा कर रही है। श्री

शाह ने कहा कि सरकार की मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति और खूफिया एजेंसियों की अचूक सूचना तथा सशस्त्र बलों द्वारा घातक कार्रवाई के कारण यह संभव हुआ है। आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में महान वीरता और रक्षा की सच्ची शक्ति का प्रदर्शन किया है।

———बाइट———

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई को पाकिस्तान पर हमला मानकर पाकिस्तान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहा है।

———बाइट———

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उन्नत प्रौद्योगिकी के विकास के साथ रेलवे वंदे भारत और नमो भारत जैसी नई ट्रेनों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। मुंगेर में आयोजित एक कार्यक्रम में रेल मंत्री ने तीन सौ पचास करोड़ रूपए की विभिन्न योजनाओं की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में बिहार के रेल बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।

———बाइट———

रेल मंत्री ने कहा कि भारत ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शक्ति देखी है। श्री वैष्णव ने जमालपुर स्थित इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिं, ईरमी को भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। रेल मंत्री ने कहा कि दो हजार छब्बीस के शैक्षणिक सत्र से ईरमी संस्थान में छात्रों का दाखिला होगा।

———बाइट———

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर रेल वर्कशॉप की क्षमता वर्धन के लिए वैगन पीरियोडिक ओवरहालिंग का शिलान्यास भी किया। इस पर लगभग उनासी करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस सुविधा के शुरू होने से जमालपुर वर्कशॉप में रख रखाव की क्षमता बढ़कर आठ सौ वैगन हो जाएगी। रेलमंत्री ने जमालपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण और यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे।

---

रेल तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज एक अणे मार्ग, पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री पच्चीस मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए शासित प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की एक महत्तपूर्ण बैठक में भी भाग लेंगे। बैठक में बिहार के चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय झा के नेतृत्व में जापान गए सर्वदलीय शिष्टमंडल ने आज तोक्यो में विभिन्न नेताओं से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति को दोहराया। इस दौरान श्री झा ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में हो रही आतंकवादी गतिविधि का पाकिस्तान से कोई न कोई संबंध रहा है।

———बाइट———

---

पिछले दो वर्षों में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए लगभग तीन हज़ार अग्निवीरों ने ऑपरेशन सिंदूर में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इन अग्निवीरों में से अधिकतर बीस साल के युवा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों से भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों की रक्षा की। सेना ने कहा है कि अग्निवीर सैनिकों ने पश्चिमी मोर्चे पर तैनात वायु रक्षा इकाई में भी धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। अग्निवीरों ने रडार और आकाशतीर नोड्स को संचालित करने के अलावा, युवा अग्निवीरों ने पिकोरा, शिल्का, ओएसए–एके, स्ट्रेला और तुंगुस्का मिसाइलों के साथ–साथ मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का भी संचालन किया।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हाथों में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व

में जिस सटीकता से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, उससे सभी देशवासी गौरवान्वित हैं। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान का समर्थन करने वाली पार्टी को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

———बाइट———

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक पदस्थापन की प्रक्रिया पंद्रह जून तक पूरी कर ली जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि अनुकंपा और दिव्यांग शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर जल्द की जाएगी।

———बाइट———

---

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, वैशाली, गया और नालंदा समेत आस–पास के हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार आतंकवाद और अशांति फैलाने वाले माओवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। कहा – दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ पचास करोड़ रूपए की विभिन्न कार्ययोजना का शुभारंभ किया।

04. और, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – सरकारी स्कूलों में शिक्षक पदस्थापन की प्रक्रिया पंद्रह जून तक पूरी कर ली जाएगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।